राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 15 जून। केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर विपक्षी नेताओं के दमन करने की नीति के तहत् कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी को ईडी द्वारा नोटिस प्रदान किया गया है जिसका विरोध कर रहे कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दमनात्मक कार्यवाही की जा रही है। केन्द्र सरकार द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत की गई कार्यवाही के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा एवं राजस्थान के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कल दिनांक 16 जून, 2022 को प्रातः 10 बजे बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता राजस्थान राजभवन का घेराव कर केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter